

भाजन



श्रेयस अय्यर

ऑकलैंड में चौथा टी-20 आज

गौरवशाली परंपरा का 209 वर्ष

जाह्नवी कपूर

के मजाक पर नाराज हुए लोग

पटना, शुक्रवार, ३० अक्तूबर, २०२६ सौर ११ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

CBC 19101/13/0033/2627

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक

भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



बिहार म्यूजियम को एशिया में मिला रैंक वन

पटना (आससे)। बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है. पटना स्थित बिहार म्यूजियम,एशियाई म्यूजियम में बिहार म्यूजियम पहले स्थान पर रहा है. वहीं, संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है. साथ ही, पटना को सांस्कृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में आगे बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है।

वर्थ ए जर्नी की 2026 की रैंकिंग



दुनिया भर से चुने गए 100 म्यूजियम में जगह बनाने वाला यह भारत का इकलौता म्यूजियम बताया गया है।

ट्रैवल प्लेटफॉर्म वर्थ ए जर्नी की ओर से जारी इस रैंकिंग में बिहार म्यूजियम का नाम दुनिया के प्रमुख सांस्कृतिक संस्थानों के साथ शामिल हुआ है. यह उपलब्धि बिहार के लिए खास है, क्योंकि इससे राज्य की ऐतिहासिक धरोहर, कला और में मेक्सिको सिटी के म्यूजियो नैशनल डी एंथ्रोपोलोजिया को पहला, स्पेन के म्यूजियो डेल प्राडो को दूसरा और डेनमार्क के लुइसियाना म्यूजियम ऑफ मॉडर्न आर्ट को तीसरा स्थान मिला है. रूस का स्टेट हर्मिटेज म्यूजियम और ऑस्ट्रिया का कुन्स्टहिस्टोरिशेस म्यूजियम भी टॉप-10 में शामिल हैं. इन प्रमुख संस्थानों

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा: सम्राट

टेककनेक्ट पोर्टल लॉन्च, सर्वे ऑफ इंडिया से हुआ समझौता

पटना(आससे)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि अंतरिक्ष आधारित तकनीक, रिमोट सेंसिंग और वैज्ञानिक नवाचार राज्य के विकास को नई गति देने के साथ शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों से बिहार की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एप्लीकेशन विकसित करने का आह्वान किया, ताकि उनका लाभ आम जनता, किसानों और प्रशासनिक व्यवस्था को मिल सके।

मुख्यमंत्री, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी, पटना में आयोजित दो दिवसीय 'स्पेस एप्लीकेशन एडॉप्शन वर्कशॉप-2026' को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला की थीम 'प्रगतिशील बिहार के लिए अंतरिक्ष आधारित समाधानों का उपयोग कर शासन को सशक्त बनाना' है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री



ने 'टेककनेक्ट' पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही, बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (बीआईआरएसएसी) और सर्वे ऑफ इंडिया (एसओआई) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इन पहलों का उद्देश्य तकनीकी सहयोग अनुप्रयोगों के जरिए विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के लक्ष्य को साकार करने के लिए विज्ञान, तकनीक और नवाचार को प्राथमिकता देना जरूरी है। बिहार प्राचीन काल से ज्ञान और शिक्षा की भूमि रहा है। आर्यभट्ट और आचार्य चाणक्य की विरासत को आधुनिक वैज्ञानिक सोच के साथ जोड़कर राज्य को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बिहार की चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग आवश्यक है। नेपाल के साथ-साथ मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाले जल प्रवाह के कारण राज्य के कई क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे में रिमोट सेंसिंग और वैज्ञानिक आंकड़ों के माध्यम से

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सी के अनिल बने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आईएएस के वरिष्ठ अधिकारियों के दायित्वों में फेरबदल करते हुए नई अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार बिहार राज्य योजना पर्षद में परामर्शी के पद पर पदस्थापित 1991 बैच के आईएएस अधिकारी सी के अनिल को स्थानांतरित कर अगले आदेश तक शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में 15 हजार से ज्यादा ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड

पटना (आससे)। बिहार में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 हजार 680 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित या रद करने की कार्रवाई की गई है। अगर निलंबित या रद लाइसेंस के बावजूद ऐसे लोग वाहन चलाते पकड़े जाते हैं, तो इनकी गाड़ियां जब्त की जाएंगी। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक में यह दिशा-निर्देश

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अलकतरा घोटाले में ट्रांसपोर्टर को सजा

पटना (आससे)। बिहार के बहुचर्चित अलकतरा घोटाला के एक मामले में आरोपित एक ट्रांसपोर्टर ने आज अपना अपराध कबूल कर लिया जिसके बाद पटना की एक विशेष अदालत ने उसे एक वर्ष चार माह 18 दिन के कारावास की सजा के साथ 29 लाख रुपए का जुर्माना भी किया ।

केंद्रिया जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत संख्या दो के न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के दौरान ट्रांसपोर्टर दूधेश्वर नाथ सिंह उर्फ डी एन सिंह की ओर से गुनाह कबूल करने के लिए दाखिल किए गए आवेदन पर सुनवाई और दोष स्वीकारोक्ति बयान दर्ज करने के बाद

(शेष पृष्ठ ९ पर)

टेंडर घोटाले में आईएएस संतोष कुमार मल्ल से 7 घंटे चली पूछताछ

पटना (निप्र)। रिशुश्री से जुड़े कथित टेंडर घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को आईएएस अधिकारी संतोष कुमार मल्ल पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे मामले को लेकर लंबी पूछताछ की गई। जांच एजेंसी इस मामले में एक के बाद एक वरिष्ठ अधिकारियों से सवाल-जवाब कर रही है. इससे पहले बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष आईएएस धर्मेंद्र कुमार से भी कई घंटों तक पूछताछ की गई थी।



जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार मल्ल गुरुवार की सुबह ही पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंच गए थे। यहां जांच अधिकारियों ने उनसे टेंडर घोटाले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे। ईडी की टीम ने पूछताछ के लिए पहले से सवालों की सूची तैयार की थी। अधिकारी से मामले में उनका

(शेष पृष्ठ ९ पर)

राज्य के सभी जिलों में बनेंगे आशा घर

पटना। राज्य के 38 जिलों में आशा घर बनेंगे। इसमें से 39 स्वास्थ्य संस्थानों को चिह्नित किया गया हैं। इनमें 14 जिला अस्पताल, एक अनुमंडली अस्पताल और 24 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं। आशा घर बनाने का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और मरीजों को स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाली आशा कार्यकर्त्ताओं को अब अस्पताल परिसर में रात्रि विश्राम के लिए अलग व्यवस्था उपलब्ध होगी। वर्त्तमान में कैमूर जिले में आशा घर स्थापित किया जा चुका हैं। इसके साथ ही आशा घर की सुविधाओं ओर संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित की गई हैं। आशा



घर की व्यवस्था आशा कार्यकर्त्ताओं के लिए सुरक्षित ठहराव उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। अस्पताल परिसर में बुनियादी सुविधाएं मिलने से आशा कार्यकर्त्ताओं को सहूलियत होगी और वे मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचाने की अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभा सकेंगी। आशा घर के संचालन के लिए पांच सदस्यीय संचालन समिति गठित की जायेगी। इसमें तीन आशा फैसिलिटेटर और दो आशा कार्यकर्त्ता शामिल होंगी। समिति के सदस्यों का चयन आशा फैसिलिटेटरों के समूह के द्वारा किया जायेगा। एसओपी के अनुसार आशा घर में मरीजों के रिश्तेदारों या आशा कार्यकर्त्ताओं के अन्य परिजनों को ठहरने की अनुमति नहीं होगी। इस व्यवस्था से आशा घर के उपयोग को निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित किया जा सकेगा।

सूबे के मॉडल स्कूलों में छात्राओं की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

पटना (आशिप्र)। शिक्षा विभाग ने राज्य में सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में विकसित 700 मॉडल स्कूलों के बेहतर संचालन के लिए गुरुवार को आवश्यक निर्देश जारी किए। निर्देश में छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया है। विभाग के सचिव राजीव रौशन ने सभी जिला पदाधिकारियों को

पुलिस कैंप नहीं बनाये जायेंगे सरस्वती विद्या निकेतन

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बीपीएससी ने मेडिकल कॉलेजों में 1711 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती की रद्द

पटना (आससे)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में असिस्टेंट प्रोफेसर (स्पेशियलिटी) के 1711 रिक्त पदों पर होने वाली नियमित नियुक्ति प्रक्रिया को रद कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग बिहार द्वारा इन पदों के लिए भेजी गई अधियाचना वापस लेने के कारण आयोग ने यह फैसला लिया है।

जल्द आयेगा नया विज्ञापन

बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक की ओर से गुरुवार को जारी सूचना के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न संकायों में नियुक्ति के लिए चार अप्रैल 2025 को विज्ञापन संख्या 04/2025 से लेकर 28/2025 तक प्रकाशित किए गए थे।

चूंकि अब स्वास्थ्य विभाग ने अपनी पुरानी अधियाचना वापस ले

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

दरभंगा स्नातक सीट पर राजद के अनिल कुमार झा विजयी, भाजपा के सर्वेश कुमार हारे

दरभंगा (आससे)। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद



चुनाव में राजद ने जीत दर्ज की है। राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के सर्वेश कुमार को पराजित कर जीत हासिल की। परिणाम घोषित होते ही राजद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 50 घंटे से अधिक समय तक चली। कई चरणों की गिनती के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

भ्रष्टाचार के आरोप में तीन पूर्व अंचल अधिकारियों पर गिरी गाज

पटना(आससे)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अलग-अलग आरोपों में तीन अंचल अधिकारियों (सीओ) पर गुरुवार को कार्रवाई की है. इस संबंध में विभाग के मंत्री की तरफ से दंडात्मक आदेश जारी किये गये हैं. इसके तहत अरवल के कुर्था की तत्कालीन और इस समय रोहतास के विक्रमगंज की अंचल अधिकारी अलका कुमारी पर दाखिल-खारिज वाद को लगभग नौ महीने तक लंबित रखने सहित अन्य आरोप हैं. इस संबंध में विभाग की तरफ से उनको दूसरी बार शोकॉज जारी किया गया है. यह आरोप राजेश कुमार सिंह ने लगाया था. आरोप में लगान स्वीकृति और अस्वीकृति में एक समान निर्णय नहीं लेने सहित जानकारी होने पर जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव देना शामिल है।

सुपौल के तत्कालीन प्रभारी अंचल अधिकारी-सह-राजस्व अधिकारी संदीप कुमार इसके साथ ही सुपौल के तत्कालीन प्रभारी अंचल अधिकारी-सह-राजस्व अधिकारी संदीप कुमार पर रिश्वत लेकर दाखिल-खारिज/नामांतरण करने का आरोप है. उन पर दंड के रूप में आरोप पत्र गठित करने का आदेश दिया गया है. संदीप कुमार पर यह आरोप

(शेष पृष्ठ ९ पर)



फतुहा में टेंपो से गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

फतुहा (आससे)। नदी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई एक टेंपो को भी जब्त किया गया है। इस संबंध में फतुहा एस डी पी ओ 1अबधेश कुमार ने नदी थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि 28 अक्टूबर को सुबह करीब 10ः05 बजे गुप्त सूचना मिली कि कच्ची दरगाह की ओर से एक सीएनजी टेंपो में गांजा की बड़ी खेप सिक्सलेन पुल के रास्ते पटना शहर की ओर ले जाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद वरिय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सिक्सलेन पुल



करते हुए 10.318 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दनियावां में महिला सिपाही ने की आत्महत्या

दनियावां (आससे)। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक महिला सिपाही द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, महिला सिपाही ने मकसूदपुर गांव स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर मामले को लेकर हलचल मच गई। हालांकि, आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट

(शेष पृष्ठ ९ पर)

शिक्षकों का होगा अंतरविश्वविद्यालय तबादला

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों में शिक्षकों का अंतरविश्वविद्यालय तबादला होगा।

अंतरविश्वविद्यालय स्थानांतरण से जुड़े आवेदनों पर विचार करने के लिए पांच नवंबर को स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होगी। बैठक दोपहर एक बजे बिहार लोक भवन में आयोजित की जायेगी।

आवेदनों पर विचार के लिए पांच को बैठेगी कमेटी

राज्यपाल सचिवालय ने इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को पत्र जारी कर बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है। बैठक में स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। अंतरविश्वविद्यालय स्थानांतरण के आवेदनों पर विचार करने के लिए संचालन समिति गठित की गयी है। राज्यपाल के आदेश पर गठित इस समिति का उद्देश्य मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण आधार पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर स्थानांतरण के संबंध में अनुशंसा करना है। राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति की अध्यक्षता विश्वविद्यालय से संबंधित विशेष सचिव, अपर सचिव या संयुक्त सचिव

(शेष पृष्ठ ९ पर)